## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर विशाल को मिला सम्मान

**मण्डला।** गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट खिलाड़ी विशाल कुशवाहा जिन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय मंडला से अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में चयनित होने के पश्चात अपने खेल का उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में भी जगह बनाई और बेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी के टीम में अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह बनाई उत्कृष्ट खिलाड़ी विशाल कुशवाहा को जिला प्रशासन के द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व जिला मुख्यालय पुलिस लाईन मैदान आयोजित किया गया था यहां पर मुख्य अतिथि कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने विशाल को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनाः रामेश्वरम-मदुरई के लिए आवेदन 5 फरवरी तक

**मण्डला।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिलों का विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा 13 नवंबर 2025 से 29 मार्च 2026 तक करायी जा रही है। जिसमें मण्डला जिले में 19 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक रामेश्वरम-मदुरई तीर्थ यात्रा करायी जानी है। तीर्थ यात्रा के इच्छुक 250 व्यक्तियों से 5 फरवरी 2026 तक आवेदन पत्र सर्व तहसीलदार जिला मण्डला द्वारा प्राप्त किया जाना है, ताकि 6 फरवरी तक आई.आर.सी.टी.सी. भोपाल को सूची उपलब्ध करायी जा सके।

## असफलता से घबराएँ बिना अपना सर्वश्रेष्ठ देने का करें प्रयास

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर के मंत्र

*** विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दें केन्द्राध्यक्ष।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण सलाह दी। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि तनावमुक्त रहकर एवं समय का सही प्रबंधन कर विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे आगामी दस दिनों तक पूरी एकाग्रता और लगन के साथ अध्ययन करें तथा स्वयं को मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया से कुछ समय के लिए दूर रखें। उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष की मेहनत को अब परिणाम में बदलने का समय है, ऐसे में घबराने की बजाय आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हों। असफलता मिलने पर निराश न हों, बल्कि उसे सीख के रूप में स्वीकार करें। उन्होंने विद्यार्थियों को शॉर्ट नोट्स बनाने, घर पर समय-सारिणी (टाइम टेबल) तैयार कर पढ़ाई करने तथा परीक्षा के दौरान धैर्य बनाए रखने की सलाह दी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी बढ़ गया है, ऐसे में अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ें और अपने माता-पिता, परिवार एवं जिले का नाम रोशन करें। स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेने, संतुलित आहार अपनाने तथा अध्ययन के बीच छोटे-छोटे विराम लेने की बात कही, जिससे मस्तिष्क तरोताजा बना रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का कलेक्टर श्री मिश्रा ने सहजता से समाधान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, एपीसी मुकेश पांडे, विद्यालय प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, अखिलेश उपाध्याय, क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### बोर्ड परीक्षाओं में केन्द्राध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) के सभाकक्ष में जिले के 90 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन में केन्द्राध्यक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की घड़ी जितनी महत्वपूर्ण विद्यार्थियों के लिए होती है, उतनी ही जिम्मेदारी प्रशासन की भी होती है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्व की तैयारियों, परीक्षा के दौरान की व्यवस्थाओं तथा परीक्षा उपरांत किए जाने वाले कार्यों की सभी बारीकियों को भली-भांति समझ लें, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की गुंजाइश न रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने केन्द्राध्यक्षों को टीम वर्क के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि परीक्षा अवधि में विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दें, जिससे वे तनावमुक्त होकर परीक्षा दे सकें। साथ ही, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, एपीसी मुकेश पांडे, क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर, ई-गवर्नेंस मैनेजर शैलेष यादव, केन्द्राध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकासखंड स्तरीय आनंद उत्सव कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज केंद्र का 50 पंचायत के 21 सेक्टर में आनंद उत्सव कार्यक्रम स्थानिक तौर पर पिछले परंपराओं खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी को को बोरा रस्सी वितृ चम्मच दौड़ नींबू आदि प्रतियोगिता 29 जनवरी 2026 कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज में कराया गया जिसमें 21 सेक्टरों की टीमों ने यहां भाग लिया जिसमें लोक संगीत नृत्य गायन कीर्तन नाटक आदि जैसे संस्कृत कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत मैली की संस्कृति मंडली द्वारा शानदार सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी सरस्वती पूजन का कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया जिसमें विविध विधाओं में विजेता एवं उपविजेताओं को प्रसिद्ध प्रस्तुत किया गया जिसमें पुरुष वर्ग कबड्डी कूड़ामैली की टीम महिला वर्ग कबड्डी में कुमहा रास्सा काशी पुरुष वर्ग बामनी टीम भावल महिला वर्ग में कूम्हा टीम क्रिकेट टीम शिक्षा विभाग विजेता संस्कृत कार्यक्रम लोक संगीत में मैली टीम नृत्य में चौकी टीम भजन में देवरी टीम कीर्तन में कूमहा टीम महिला आदि सम्मिलित हैं आनंद उत्सव कार्यक्रम में सर्व सहयोग से संपन्न किया गया जनपद पंचायत नारायणगंज के मुख्य कार्यपा अधिकारी विनोद कुमार मरावी खंड अधिकारी रम्मू सिह मरावी रतन सिंह ठाकुर दीपक पदम जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह वरकड़े जनपद सदस्य गुलाब सिंह परस्ते जनपद सदस्य रतन सिंह एवं बी ईओ राजेश विश्वकर्मा मंडल समानवयक राजेश गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन तेकाम सुंदरसोनी राकेश अग्रवाल बीआरसी कमलेश भवेदी एवं सभी स्कूल के शिक्षक प्रिंसिपल एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही आनंद उत्सव कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की उपस्थिति नहीं रही क्योंकि उनका कहना है कि उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया मात्र कुछ लोगों को ही निमंत्रण पत्र बांटे गए जिसके कारण वे लोग कार्यक्रम का बहिष्कार किया।



## कृषि विभाग के अधिकारियों ने शाला प्रांगण में विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण की जानकारी दी



**भुआबिछिया।** कल दिनांक 29.01.2026 को पीएम श्री स्कूल सिहोरा में मिट्टी परीक्षण के संबंध में सातवीं, आठवीं और ग्यारहवीं के बच्चों को मिट्टी परीक्षण कैसे किया जाता है मिट्टी में कौन-कौन से तत्व पाए जाते हैं उसकी कमी और अधिकता के बारे में बताया गया और मिट्टी नमूना कैसे लिया जाता है इसके बाद में उसमें कौन-कौन सी जानकारी भरकर के मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के लिए भेजा जाता है उसके संबंध में जानकारी दी गई जिसके नोडल सहायक संचालक कृषि अरविंद वर्मा एवं उनके साथ में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड बिछिया मुकेश कुलस्ते मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला से अनिल यादव टेक्निकल असिस्टेंट एवं स्कूल के स्टाप उपस्थित थे।

## कार्यक्रम में सिखाई गई बातों को अपने जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कम्यूनिटी पुलिसिंग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 80 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजन पुलिस विभाग मण्डला एवं आई.एस.आर.डी. संस्था के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।




समापन समारोह की मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारी और कानून के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। यह पहल पुलिस और समाज के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में जो भी ज्ञान और प्रशिक्षण आपने प्राप्त किया है, उसे केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी अपनाएँ। मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि किशोर और किशोरियों को आत्मरक्षा के गुर सीखकर अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी छात्रावासों में आत्मरक्षा और जागरूकता से जुड़ी ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि बच्चे स्वयं को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें। उन्होंने कानूनी जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। आज का समय डिजिटल मीडिया का है, ऐसे में अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें।

## भुआबिछिया में आयोजित किया गया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया




जन अभियान परिषद मंडला विकासखंड बिछिया दिनांक 28/1/2026 ग्राम पंचायत कटंगामाल ग्राम सरही सेक्टर क्रमांक 5 मांझीपुर में गोंडवाना शिक्षा उत्थान परिषद बिछिया के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेन्द्र सिंह चौधरी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्यवक कीर्ति कुरील के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम स्तरीय कार्यक्रम स्कूल के बच्चों एवं ग्राम के नागरिकों और प्रस्फुटन समिति के महिलाओं और पुरुषों के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें ग्राम के सरपंच शिक्षकाए और ग्रामीण जन नवांकुर संस्था प्रभारी कमलेश यादव और प्रस्फुटन समिति सदस्य विकास खंड समन्वयक स्वदेशी अपनाओ पर चर्चा की गई, नशा मुक्ति, समरसता, सामाजिक न्याय, सुनिश्चित करना द्वारा पूर्ण कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से उपस्थित होकर खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया विकासखंड समन्वयक कीर्ति कुरील द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय भारत कार्यक्रम सेक्टर स्तरीय से ग्रामस्तर पर उपस्थित होकर किया गया।

**समीक्षा** | स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिखाये तेवर।

# स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

*** आये दिन लापरवाही की आती हैं खबरें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन मंडला के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती, सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम, बीईई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, आशा कार्यक्रम, एनसीडी, एमपी औषधि वितरण तथा जन आरोग्यम शिविर 2.0 सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिन विकासखंडों में उपलब्धि अत्यंत कम पाई गई, उनमें घुघरी, मवई एवं नारायणगंज शामिल हैं। इन विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए तथा आगामी बैठक में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया। फूड बास्केट वितरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एनजीओ, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सीएसआर के माध्यम से सहयोग लेने के निर्देश भी दिए गए।



सिकल सेल एनीमिया की जांच को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार पीओसीटी किट की मांग पत्र तैयार कर राज्य को भेजा जाए। जिन विकासखंडों में स्क्रीनिंग कम है, वहां प्राथमिकता से किट उपलब्ध कराई जाए। आयुष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से दवा वितरण एवं चिन्हित मरीजों की जानकारी संकलित कर राज्य को भेजने के निर्देश दिए गए। घुघरी, नैनपुर एवं बिछिया में कम स्क्रीनिंग पाए जाने पर संबंधित बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बीएमओ बम्हनी के ग्राम सिलगी में हुई मातृ मृत्यु के मामले में कलेक्टर ने सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता को टर्मिनेट करने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं निवास विकासखंड के कोहनी ग्राम में हुई मातृ मृत्यु के प्रकरण में प्रभारी एएनएम पुष्पा यादव एवं सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।


कलेक्टर श्री मिश्रा ने एनआरसी में बेड ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने, जन आरोग्यम शिविर मंडला 2.0 को अन्य विभागों के साथ समन्वय कर बुधवार एवं गुरुवार को सम्पूर्ण अभियान के रूप में संचालित करने तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जनस्वास्थ्य सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## संवेदनशील पहल, पहले समझाइश, फिर कार्रवाई, कलेक्टर और एसपी खुद सड़क पर उतरे

*** हेलमेट पहनने का दिया जीवनरक्षक संदेश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की संवेदनशील और अनुकरणीय पहल शुक्रवार को देखने को मिली। वीरनारायण शाह बस स्टैंड परिसर के सामने मुख्य सड़क मार्ग पर अधिकारियों ने स्वयं खड़े होकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया और यह संदेश दिया कि जीवन की सुरक्षा सबसे पहले है।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को तत्काल दंडित करने के बजाय पहले समझाइश दी गई। ऐसे वाहन चालकों की गाड़ियाँ बस स्टैंड परिसर में खड़ी करवाई गईं और उनके परिजनों को मौके पर बुलाकर हेलमेट मंगवाए गए। यह कदम लोगों को भावनात्मक रूप से सड़क सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से उठाया गया।

इसके साथ ही बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों का नाम, वाहन नंबर, मोबाइल नंबर एवं पता दर्ज किया गया। उन्हें निर्देश दिए गए कि वे तीन दिन के भीतर हेलमेट खरीदकर पहनते हुए अपनी फोटो संबंधित नंबर पर भेजें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समझाइश का वास्तविक पालन हो रहा है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि हेलमेट पहनना सजा से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने परिवार के लिए सुरक्षित लौटने का भरोसा है। पहले हम समझाते हैं, लेकिन नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई भी आवश्यक है।

पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने भी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अभियान का सकारात्मक असर देखने को मिला और कई लोगों ने मौके पर ही हेलमेट पहनने एवं आगे से नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इसी तरह संवेदनशीलता के साथ सख्ती बरतते हुए सड़क सुरक्षा अभियान लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर निरीक्षक शफीक खान, यातायात थाना प्रभारी ललित धुर्वे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफड़े, योगेश राजपूत, नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### शुगर मिलों संचालकों द्वारा शौचालय संबंधी उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण मजदूरों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** एक ओर जहां केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुये स्वच्छता के नाम पर करोड़ो रूपया की राशि खर्च की जा रही है, मगर यह स्वच्छता अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां सिर्फ कागजों पर चलते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च की जा रही राशि सिर्फ बर्बाद होने के आलवा और कुछ साबित होते हुये दिखाई नही पड़ पा रही है? क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले ओडीएफ घोषित हो चुके इस जिले में अधिकारियों द्वारा की जाने वाली अनदेखी का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि ओडीएफ घोषित जिला पूर्ण रूप से गंदगी युक्त हो चुका है, जिसके चलते वर्तमान समय में सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर चलाये जा रहे संपूर्ण कार्यक्रम मात्र एक दिखाबा साबित होने के साथ साथ शासकीय धन की बर्बादी बन चुका है? क्योंकि ओडीएफ घोषित जिले में शासन द्वारा गांव गांव हर व्यक्ति के घरों में पक्के शौचालयों का निर्माण करने के साथ साथ बाहर से आने वाले लोगों को गांवों से लेकर शहरों में शुलभ शौचालयों का निर्माण कराया गया। वही दूसरी ओर क्षेत्र में संचालित होने वाले शुगर मिलों से लेकर गुड भट्टी के संचालकों को बीते हुये वर्ष स्पष्ट रूप से आदेश जारी किया गया था कि उनकी शुगर मिलों में काम करने के लिये बाहर से आने वाले कर्मचारियों व मजदूरों के लिये शौचालय के उचित प्रबंध मिलों द्वारा ही किये जावेगे, जिसकी समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जावेगा और यदि शौचालय संबंधी उचित प्रबंध मौके पर नही पाये गये तो कार्यवाही करने की बात कही गई थी? मगर इस समय शुगर मिलों से लेकर अन्य जगहों पर गंदगी का जो आलम देखने मिल रहा है उससे यह अनुमान लग रहा है कि वर्तमान समय में जिम्मेदार अधिकारियों को स्वच्छता से कोई लेना देना नही है और उनके द्वारा सरकार के इस आदेश का पालन मात्र कागजों पर भी पूरा करना रह गया है? क्योंकि इस समय क्षेत्र में संचालित हो रही शुगर मिलों से लेकर गुड भटियों तथा कुल्होरों के काम के लिये बाहर से आये हुये हजारों की संख्या में गन्ना की कटाई करने के लिये आये हुये मजदूरों को डेरा पड़ा हुआ है। बताया जाता है कि इन बाहरी मजदूरों को शुगर मिलो ही बुलाया गया है। मगर उनके लिये शौचालय संबंधी कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण वह संपूर्ण क्षेत्र के खुले मैदान में गंदगी फैलाने से नही चूक रहे है? इस प्रकार का हाल क्षेत्र की लगभग सभी शुगर मिलों से लेकर तहां तहां चल रही गुड भट्टियों व गांव गांव चल रही गन्ना कटाई के दौरान भी देखने मिल रहा है, जिसके चलते लगातार फैल रही गंदगी के चलते लोगों का शुद्व सांस लेना दुभर हो गया है। मगर इस सच्चाई को जिले से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उससे निश्चित ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वच्छता के लिये किये जा रहे संपूर्ण प्रयासों पर उनके जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च की जा रही शासकीय राशि भी बर्बाद होने से नही बच पा रही है।

---

चीचली पुलिस की दंबगाई से परिपूर्ण मनमानी का वायरल वीड़ियो, अधिकारियों की भूमिका पर खड़े कर रहा सवाल...


# समोसा खाने के पैसा मांगने पर दुकानदार के साथ पुलिस कर्मी सहित ताराधारी अधिकारी पर मारपीट के आरोप...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा/चीचली**









निश्चित जब कही कोई मेला या फिर कोई आयोजन संपन्न होता है तो उसमें गरीब दुकानदार दो पैसा कमाने के लिये पेहरेदारों के भरोसे ही अपनी दुकाने लेकर पहुंचते है। मगर यदि वही पेहरेदार दुकानदारों से फ्री में सामग्री लेने की सोच रखते हुये उनके साथ मारपीट करने पर उतारू हो जावे तो फिर इन गरीब अपनी सुरक्षा की उम्मीद कैसे करेगे..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों चीचली की सीतारेवा नदी में चल रहे यज्ञ आयोजन के लगे हुये मेले में देखने मिली है। बताया जाता है कि यहां पर चार्ट समोसा की दुकान लगाने वाले एक गरीब द्वारा चीचली थाने में पदस्थ पुलिस कर्मियों से नास्ता करने यानि की समोसा खाने के पैसा मांग तो उसके साथ एक पुलिस कर्मी सहित एक ताराधारी अधिकारी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करने के बाद उसे थाने में ले जाकर फिर मारपीट करने में कोई कसर नही छोड़ी गई..? इस सच्चाई का लगातार वायरल हो रहे विडियों में जहां पुलिस कर्मी तथा एक ताराधारी अधिकारी खुलेआम नास्ता दुकानदार के साथ मारपीट करते हुये दिखाई देने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी चर्चा का विषय बनने के साथ साथ उनकी भूमिका को सबालों के घेरे में लाने से नही चूक रही है..? खैर वायरल हो रहे विडियों की हरिभूमि द्वारा पुष्टि नही की जा रही है। मगर लगातार उजागर हो रही इस सच्चाई स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली को भी वर्दी की आड़ में हो रही मनमानी के चलते दागदार बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? वही दूसरी ओर आरोपी पुलिस कर्मी व ताराधारी अधिकारी के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही न होने के चलते जहां लोगों में आक्रोश फैलते हुये दिखाई देने लगा है तो दूसरी ओर जन चर्चाओं में तो अब यह तक सुनाई देने लगा है कि चीचली पुलिस थाने में पदस्थ इन तथा कथित पुलिस कर्मियों को अधिकारियों का उच्च स्तर से संरक्षण प्रदान होने का ही परिणाम है कि वह खुलेआम मनमानी करते हुये देखे जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभयदान प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? मामले की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो पीड़ित द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को दिये गये आवेदन में नामजद पुलिस कर्मियों सहित थाने में पदस्थ एक ए एसआई परआरोप लगाते हुये उल्लेखित किया गया है कि वह सीतारेवा नदी में चल रहे यज्ञ के दौरान नास्ते की दुकान लगाये हुये है। जहां पर इन पुलिस कर्मियों द्वारा नास्ता करने के बाद वहां से चले गये तो दुकानदार को लगा कि शायद यह लोग पैसा देना भूल गये है। इसी बात के चलते जब दुकानदार द्वारा पैसा मांगे तो यह पुलिस कर्मी खुद वायरल वीडियों किये गये नास्ते को ठीक न होने की बात बोलते हुये सुनाई दे रहे है। जब दुकानदार द्वारा कहा कि जब नास्ता ठीक नही था तो आप लोगों ने जितना दिया था उसे पूरा खा लिया फेका तो नही है। इस बात को लेकर दुकानदार के साथ गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया गया। वही कुछ देर बात एक ताराधारी अधिकारी ने आकर दुकानदार के साथ मौके पर मारपीट करते हुये बोला की इसे थाने रख लो। शिकायत में उल्लेखित किया गया है कि पुलिस द्वारा दुकानदार को थाने ले जाने के बाद पीछे वाले कमरे में रखते हुये फिर मारपीट की गई। इस तरह चीचली पुलिस थाने में पदस्थ पुलिस कर्मियों सहित एक ए एस आई की नामजद शिकायत किये जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसी तरह की कार्यवाही न करना जहां संरक्षण की मुद्रा को उजागर करते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहा है..? वही लोगों का कहना है कि जिसको गरीबों की सुरक्षा के जिम्मेदारी सौपी गई है यदि वही इस तरह दबंगाई पर उतारू रहते हुये गरीबों को इस तरह अपनी वर्दी का रौब दिखाते हुये लूट पर उतारू होने लगेगे तो फिर न्याय की उम्मीद किससे की जावेगी...? जबकि चीचली थाना क्षेत्र की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो यहां की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था शायद किसी से छिपी नही होगी..? क्योंकि की पेहरेदारी अभी तक तो ताराओं की छात्र छाया में चलते हुये देखी जाती थी। मगर जब से यहां पर बगैर मुहुर्त के अतिरिक्त तारे का उदय हुआ है तो मानों अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के हौसले सातवे आसमान पर पहुंच चुके है। हाल यह बना हुआ है कि गांव गांव खुलेआम किराना दुकानों पर शराब का अवैध कारोबार संचालित होते हुये दिखाई देने लगा है। जनचर्चाओं के अनुसार तो यह तक बताया जाता है कि क्षेत्र की पेहरेदारी करने वाले प्रमुख बडे वीर खुद ही अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के दौरान सोमरस के इतने मोहित हो चुके है कि उसके बगैर चंद मिनिट नही रहे पाते है...? इस तरह देखा जावे तो चीचली क्षेत्र में बगैर मुहुर्त के निकले हुये अतिरिक्त तारे के चलते जहां यहां की कानून व्यवस्था पटरी से लगातार उतारते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर पुलिस की दबंगाई के चलते स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों की साफ सुधरी छबी को धूमिल करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..?

---

# पूर्णाहूति के साथ हुआ श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का समापन, आज आयोजित होगा विशाल प्रसादी भण्डारा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के आजाद वार्ड इन्द्रा कालोनी में संपन्न हुये चार वेद, 18 पुराण व 108 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का बीते हुये गुरूवार को पूर्ण आहूति के साथ समापन हो गया। ज्ञात हो कि पूर्णाहूति के दौरान नगर के सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर जहां यज्ञ वेदी का पूजन अर्चन करते हुये परिक्रमा लगाई। वही दूसरी ओर लगातार नौ दिनों तक चले इस महायज्ञ की व्यवस्थाओं से लेकर उमड़ी हुई भीड़ के बीच कालोनी के युवाओं द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं के बीच शांतिपूर्वक कार्यक्रम संपन्न होना नगर के इतिहास में दर्ज होने से नही चूक पाया है..? इस विशाल आयोजन के दौरान जिस तरह से देखने मिला वह निश्चित तौर से गौरव शाली बनने से नही चूक पाया है। क्योंकि यज्ञ में किसी भी तरह से



पूजन कार्यक्रम से लेकर बैठने की व्यवस्था में व्ही आई पी कल्चर नजर नही आया। यज्ञ के आयोजन में पहुंचने वाले हर छोटे से लेकर बडे व्यक्ति को एक ही तरह का सम्मान मिलते हुये देखा गया। इस तरह इस विशाल व सफल हुये महायज्ञ की चर्चा नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में सुनी जा रही है। वही दूसरी ओर आयोजन में कथा व्यास के रूप में पधारे हुये आचार्य प्रवीण मणि द्वारा जहां प्रतिदिन भागवत कथा के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये धर्म की रक्षा का एक अनोखा संदेश दिया गया। वही दूसरी ओर 22 से 23 जनवरी तक श्री श्री 1008 श्री जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज कामदगिरी पीठाधीश्वर द्वारा जिस मार्मिक ढंग से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की कथा का वर्णन सुनाते हुये भक्तों को विभोर किया गया उसको लोग शायद ही कभी भुला नही पायेगे। वही आयोजन में 24 से 28 जनवरी तक अपने दिव्य वाणी से प्रवर्चन देने के लिये पधारे हुये गौ पीठाधीश्वर संत विपिन बिहारी महाराज द्वारा तो मानों क्षेत्रवासियों को अपनी वाणी से इस तरह बस में किया गया था कि जब तक उनके प्रवर्चन समाप्त नही होते थें तो लोग सबकुछ भूलकर भगवान की भक्ति मे लीन होकर अपना स्थान छोड़ने के लिये तैयार होते हुये दिखाई नही दे पाते थें। इस तरह इस महायज्ञ की गुरूवार को पूर्णाहूति होने के बाद आज विशाल प्रसादी भण्डारे के बीच पूर्णरूप से समापन हो जावेगा।

---

# उत्कृष्ट कार्यों के चलते गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर द्वारा नपा अधिकारी देशमुख को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब नगर की किसी संस्था के अधिकारी को सम्मान मिलता है तो उस संस्था व अधिकारी के साथ नगर का गौरव बढ़ने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनों गणतंत्र दिवस के मौके पर स्थानीय नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा नगर विकास के साथ की गई टेक्स बसूल में उत्कृष्ट कार्य करने के चलते जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सहित जिला कलेक्टर द्वारा देशमुख को सम्मानित करते हुये नगर का गौरव बढ़ाया है। बताया जाता है कि बीते हुये वर्ष यानि की सितम्बर माह 2025 में आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के मार्ग दर्शन में नपा टीम द्वारा एक करोड से अधिक की राशि टेक्स के रूप में बसूल करते हुये एक रिकार्ड कायम किया गया था। यह बसूली सिर्फ जिले ही नही बल्कि संपूर्ण संभाग स्तर पर



अपने आप में ही एक कर्त्तव्य निष्ठ अधिकारी द्वारा अपने दायित्वों को जिस निस निष्ठा के साथ संपादित किया जा रहा है उसकी एक अलग पहचान बताने से नही चूक रही थी। इस तरह नपा अधिकारी देशमुख के उत्कृष्ट कार्य के चलते जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किये जाने पर अधिकारी के साथ साथ नगर पालिका का गौरव बढ़ने के चलते नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित पार्षद सभापतियों के आलवा नपा की टीम व नगर के लोगों में काफी हर्ष देखने मिल रहा है।

---

### सेन समाज की बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** नगर बाबा मेरिज गार्डन में आगामी 1 फरवरी को सागर में होने वाले सेन महाकुंभ भारत रत्न जन नायक कपूरी की जन्मशताब्दी के अवसर पर आयोजित होने वाले सेन सम्मान समारोह के संदर्भ में सेन समाज संगठन के जिला, प्रभारी अभिषेक सराठे की विशेष उपस्थि मे बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में जिला अध्यक्ष अभिषेक सराठे ने बताया कि सागर में होने वाले सेन समाज समारोह में हम सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सामाजिक एकता का परिचय देना है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आलवा सेनाचार्य श्री श्री श्री अचलानंद गिरी महाराज, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के आलवा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, केबिनेटमंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार सहित सागर की सांसद लता वानखेडे, विधायक शेलेन्द्र जेन, पूर्व मंत्री एवं गोपाल भार्गव, भूपेन्द् रसिंह, सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी, भा.ज.पा. सागर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के आलवा अन्य अतिथि कार्यक्रम से उपस्थित रहने की संभावना है। वही आयोजित इस बैठक में सेन समाज संगठन के जिला उपाध्यक्ष विनीत सराठे, जिलामंत्री शेखर सराठे, चीचली नगर अध्यक्ष आकाश सराठे, ग्रामीण विकास अध्यक्ष विनोद श्रीवास ने भी अपने विचार रखते हुए के सेन समाज द्वारा रचनात्मक कार्य करने एवं समाज के विकास पर जोर दिया। बैठक में चीचली व आसपास के सेन बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# निष्पक्ष समाचारों के साथ समाज सेवा के कार्य के प्रति सजगता के चलते हरिभूमि पत्रकार अग्रवाल को किया सम्मानित




हरिभूमि


हरिभूमि
हरिभूमि प्रतिनिधि ने सड़क पर तड़प रहे घायल को पहुंचाया चिकित्सालय

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** खबरों को एकत्र करना जहां किसी भी अखबार के पत्रकार को अपना दायित्व होता है। मगर इस दौरान यदि किसी भी पत्रकार द्वारा अपनी जागरूकता का परिचय देते हुये जान बचाने में अपनी अहिम भूमिका निभाई जावे तो निश्चित तौर से उसके कार्य को लोगों द्वारा सराहना करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई हरिभूमि के युवा पत्रकार दीपक अग्रवाल की कार्य शैली में देखने मिलती है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी मिलने पर जब दीपक अग्रवाल अपनी खबरों को एकत्र करने के लिये मौके पर पहुंचे तो उन्होनें अपनी खबर के साथ साथ घटनाओं के घायल लोगों के जीवन को बचाने के लिये जहां चिकित्सालय तक पहुंचाते हुये उनके उपचार में अपना समय देते हुये देखे गये। इस दौरान पीड़ित जनों को जरूरत के हिसाब में अन्य मदद करने में भी पीछे नही रहते है। इनकी इस कार्य प्रणाली के चलते बीते हुये दिवस सांईखेड़ा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति अग्रवाल व मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुये शिक्षा मंत्री के पुत्र द्वारा हरिभूमि पत्रकार दीपक अग्रवाल को साल श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया गया।

---

# तेजस्वी मेले में देखने मिली अनोखी छटा






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के शासकीय आदर्श उमावि में बीते हुये दिवस तेजस्वी मेला का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस मेले का उद्घाटन स्थानीय पार्षद सुरेंद्र सिंह गुर्जर अधिवक्ता द्वारा किया गया। वही मेले में स्थानीय व्यवसायी अतुल अग्रवाल और राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। जिला तेजस्वी टीम की ओर से गर्ग सर भी पूरे समय उपस्थित रहे। इस मौके पर कक्षा 11वी और कक्षा 9वी के छात्रों की सभी टीमो ने अपने अलग अलग अनेक प्रकार के स्टाल लगाए और आइडियाज के अनुसार प्रोडक्ट का प्रदर्शन किये गये। इस दौरान सभी आगुन्तक अतिथियों ने बच्चो की सराहना करते हुये बच्चों को छोटी पूंजी से व्यवसाय करने के टिप्स भी दिये गये।

---

# आदर्श स्कूल में पांच दिवसीय कैरियर मेले का आया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बच्चों को पढ़ाई के साथ इस जानकारी की जरूरत भी महसूस की जाने लगी है कि वह हायर सेकेण्डरी स्तर तक पढ़ाई पूरी करने के लिये आगे कौन से रास्ता चुनते हुये अपना भविष्य उज्जबल बना सकते है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये आये दिन शिक्षण संस्थाओं मे कैरियर मेले का आयोजन किया जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस नगर के शासकीय आदर्श उमावि में पांच दिवसीय



कैरियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस आयोजन के प्रथम दिन दिवस सभी सत्रों का आयोजन एवं भोपाल से प्रसारित कार्यक्रम भी बच्चो को दिखाया गया। इसी प्रकार से दूसरे दिन आई टी आई ,व्यावसायिक शिक्षा आदि का सत्र व्यावसायिक शिक्षकों द्वारा लिए लिये गये। साथ ही आमंत्रित अतिथियों में नगर के दाल मिल व्यवसायी प्रमोद चौकसे ने बच्चो को दाल के व्यवसाय से जुड़ी सभी तथ्यों को विस्तार से बताने के साथ ही कहा कि बिना पूंजी के दाल व्यवसाय में बच्चे कैसे सहभागी बनकर आय अर्जित कर सकते है। इसके लिये उनके द्वारा जरूरी जानकारियों से अवगत कराया गया। इसके आलवा स्थानीय परिस्थितियों में बच्चे कौन कौन से छोटे व्यवसाय कर सकते है इसकी भी जानकारी दी गई।

---

### फसलों को तबाह कर रहे जंगली सुअर, अन्नदाता किसानों की बढ़ी मुसीबत



**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** पिछले तीन साल से प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को इतना नुकसान पहुँचाया है कि उनकी आर्थिक दशा सँभलने का नाम नही ले रही है और कर्ज के शिकंजे में जकड़े किसान विभिन्न समस्यो से छुटकारा पाने छटपटा रहे है। बीते वर्षो में खरीफ फसल सीजन में अल्प वर्षा से किसानों की फसलों की पैदावार अच्छी न होने के बावजूद हौसले को किसी तरह बुलन्द कर खाद, बीज का किसी तरह जुगाड़ कर रबी फसलों की बोवनी की थी जो इस समय फलने की स्थिति में पहुंच रही है। मगर इस समय लगातार बन बिगड़ रहा मौसम तो दूसरी ओर जंगली जानवर लगातार किसानों की फसलों को क्षति पहुंचाते हुये देखे जा रहे है। इस तरह किसान अपने खेतों में खड़ी हुई फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। बताया जाता है कि किसानों की रबी सीजन की फसलें जंगली सुअर, हिरण और बंदर तबाह कर रहे है। ऐसे में परिस्थितियों से लाचार किसानो को व्यर्थ कृषि लागत जाने और रबी फसलों की पैदावार कम होने का अंदेशा सताने लगा है। क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों का कहना है कि उनके खेतों में फलने की ओर पहुंच रही मसूर, चना, बटरी, राहर, गन्ने की फसलों को जंगली सुअर बर्बाद कर रहे है। गॉवों में सर्वाधिक वन्य जीव बन्दरों का आतंक है, जो झुंड में रहते है और मौका देखकर किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचाते है। हालत यह है कि बंदर एक दिन में एक एकड़ में लगी बटरी की फसल तबाह कर रहे है और गन्ना फसल को खाते हुए उसे तहस नहस कर रहे है। किसानों का कहना है कि हिरण, बंदर, सुअर जंगल क्षेत्र की स्थितियॉ प्रतिकूल होने से किसानों को नुकसान पहुँचाने ग्रामों में पलायन कर रहे है। इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों से पूर्व में कई बार शिकायतें की गयी किंतु फसलों को विनष्ट करने वाले जंगली, सुअरों को नियंत्रित करने की कार्यवाही वन विभाग की ओर से नही, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है। इस हालत में वर्तमान में देखा जावे तो किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों को बंदर, जंगली सुअर जिस तरह उनकी रबी फसलों को नुकसान पहुँचा रहे है,उसने किसानो की मुसीबतें और बढ़ा दी है। किसानों ने वन विभाग से अपेक्षा जतायी है कि वह उनकी फसलों को तबाह करने वाले हिरण, बंदर, जंगली सुअरो को पकड़नें के लिए रेस्सक्यू आपरेशन चलाये तथा इन जानवरो को जंगल में छोड़ने की किसानहित में शीघ्र व्यवस्था करें।

---

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया छात्राओं का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शनिवार को ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने स्वयं के व्यय पर विद्यालय की सभी 92 छात्राओं का तिलक लगाकर एवं लेखन सामग्री भेंट कर सम्मान किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में माह जून से दिसंबर माह तक कक्षा 1 से 8 वी कक्षाओं तक के सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। वही इस दौरान उन छात्राओं को भी बैच लगाकर सम्मानित किया गया जिनके भाई नहीं है और वे



सिर्फ बहने है। इस अवसर पर शिक्षक पटैल ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रकाश डाला एवं कहा कि सभी बेटियां प्रतिदिन स्कूल अवश्य आयें। कार्यक्रम में प्रधानपाठक दशरथ जाटव, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट सहित स्कूल स्टॉफ के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

# जनहित मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, एलडीएम रविशंकर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत वित्त, निर्वाचन, परिवहन, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, जनपद पंचायत डिंडौरी, ऊर्जा विभाग एवं मनरेगा से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के नॉन-अटेंड प्रकरणों पर 1000-1000 रुपये का जुर्माना चालान अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से झंडा दिवस/सैनिक कल्याण कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के 50 एवं 100 दिवस से लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस प्रबंधक को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में तीन बार प्रस्तुत होने के बाद भी जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है, ऐसे विभागों की सूची तैयार की जाए, ताकि संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने दिव्यांगजनों के सर्वे के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सचिव, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभियान चलाकर जानकारी संकलित करने तथा उसे समाधान पोर्टल एवं गूगल शीट पर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एनीमिया जांच में चिन्हित बालिकाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 1 फरवरी से जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। साथ ही समनापुर, बजाग, करंजिया एवं शहपुरा विकासखंडों में हाट बाजारों में जैविक उत्पादों के नियमित आयोजन पर विशेष ध्यान देने को कहा।बैठक में सीपी ग्राम एवं पीएम जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूलों में शौचालयों की स्वच्छता, नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों—बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, फौतीनामा, राजस्व वसूली एवं ई-केवाईसी—का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि, मत्स्य, सहकारिता, एनआरएलएम, खाद्य, आत्मा, स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण के लिए जनजागरुकता अभियान रैली का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की साप्ताहिक शिविर के माध्यम से ग्राम डुंगरिया में स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तीकरण जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें रासेयो स्वयं सेवकों के द्वारा ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संबंधी एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ यदि कोई गंभीर बीमारी हो जाए तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेने को कहा गया। इसके अतिरिक्त महिला सशक्तीकरण विषय पर बौद्धिक परिचर्चा में देश की विकास के लिए महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक विद्यार्थियों को एनएसएस का ध्येय, उद्देश्य, अनुशासन, समाज सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास, राष्ट्रीय विकास में भागीदारी एवं व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ प्रो. आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निगहत खान, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं रासेयो स्वयं सेवक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रासेयो इकाई साप्ताहिक शिविर में बाल संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की साप्ताहिक शिविर में नियमित गतिविधियों के माध्यम से ग्राम डुंगरिया में बाल संरक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा बाल संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली में ग्रामवासियों को बताया गया हैं कि बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। उनका शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास ही एक सशक्त समाज की नींव रखता हैं। बाल संरक्षण का अर्थ हैं बच्चों को शोषण, उपेक्षा, हिंसा, बाल श्रम, बाल विवाह तथा अन्य सभी प्रकार के दुर्व्यवहार से सुरक्षित रखना और उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करना। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोगी स्टॉफ डॉ. सुनील काकोड़िया, प्रो. आशीष कुमार मरावी, डॉ. निगहत खान, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### शास. मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय अमरपुर में 12 वीं के छात्रों को दी गई विदाई



**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर अंतर्गत शास. मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय परिसर अमरपुर में कक्षा 12 वीं के छात्र, छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन कर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर छात्र, छात्राओं द्वारा स्वागत भाषण, नृत्य, गीत सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों ने 12 वीं के समस्त छात्रों को आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला एवं राज्य के प्रवीण सूची में जुड़कर अपने विद्यालय, माता- पिता, गांव एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण अति आवश्यक हैं। विदाई समारोह के अंत में 12 वीं के छात्रों द्वारा भी अपने 4 वर्षों के अनुभव को अपने जूनियर छात्रों एवं शिक्षकों से साझा किया गया। आयोजित विदाई समारोह के दौरान शिक्षक रमेश कुमार धुर्वे, आकांक्षा गुप्ता, विमला परस्ते, रुकमणी खांडे, वंदना नर्ते, रोशनी मरकाम, शुभम ठाकुर, सुरेश यादव, मनोज ठाकुर, शिव कुमार मरावी, प्रकाश ठाकरे, शुगमधर, सरगुन चंदेल, रोशन कुशवाहा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।



## शासकीय हाई स्कूल मुड़की में पांच दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन

**डिंडोरी।** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय हाई स्कूल मुड़की में 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक पांच दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्धेश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान कर उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना है।कैरियर मेले का शुभारंभ 27 जनवरी को कार्यक्रम के नोडल अधिकारी गिरीश कुमार मोहारी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय के प्राध्यापक देवेंद्र कुमार गवले उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजूषा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य राज बहादुर सिंह तथा प्राचीन डिंडोरी विद्यालय की शिक्षिका एवं चयनित सहायक प्राध्यापक अंजलि अहिरवार मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक अवधेश तेकाम एवं संस्था की प्राचार्य सुनीता नामदेव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।उद्घाटन सत्र के पश्चात विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग प्रदान की गई तथा शासन की विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दूसरे दिन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के व्याख्याता किशोर डहेलिया (मैकेनिकल विभाग) एवं सचिन वासनिक (सिविल विभाग) ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही सीपीसीटी पाठ्यक्रम की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया।तीसरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आशीष केसरवानी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक हर्षवर्धन, सांदीपनि विद्यालय धनुवासागर के उच्च माध्यमिक शिक्षक कंचन बर्मन तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडोरी के शिक्षक राम कुमार बनावल द्वारा विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान पीएससी, यूपीएससी, सीए, नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कैरियर मेले के दौरान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था की प्राचार्य सुनीता नामदेव सहित शिक्षकगण लक्ष्मी सैयाम, मोहम्मद शकील मंसूरी, माया धुर्वे, दिनेश नीरिया, अभिलाषा साहू एवं प्रभारी शिक्षिका सोनाली पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## निराहार तपस्या के साथ नर्मदा परिक्रमा पर निकले दादागुरु, शहपुरा पहुंची यात्रा

# हजारों श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजों व जयघोष के साथ किया भव्य स्वागत





शहपुरा

वर्षों से निराहार रहकर मां नर्मदा की भक्ति में लीन महाकौशल के महातपस्वी संत दादागुरु भैया जी सरकार की नर्मदा परिक्रमा यात्रा शुक्रवार को डिंडोरी जिले के शहपुरा नगर पहुंची। यात्रा के आगमन पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल निर्मित हो गया। बैंड-बाजों, फूल-मालाओं और "मां नर्मदे हर" के जयघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने दादागुरु का आत्मीय स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।नर्मदा परिक्रमा यात्रा गुरुवार सुबह ग्राम बिछिया से प्रारंभ होकर भरद्वारा, शहपुरा में भक्तजनों ने दादागुरु का भव्य स्वागत किया।

### प्रतिदिन 25 से 30 किमी की पदयात्रा

दादागुरु की सेवा में लगे शिष्यों ने बताया कि ओंकारेश्वर से प्रारंभ हुई नर्मदा परिक्रमा के दौरान प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर पैदल यात्रा की जा रही है, जबकि कई बार यह दूरी 40 किलोमीटर तक भी हो जाती है। परिक्रमा के दौरान दादागुरु अन्य परिक्रमावासियों का उत्साहवर्धन करने के लिए लंबे घाटों पर दौड़ लगाकर आगे बढ़ते हैं। वर्तमान में लगभग एक हजार अनुयायी उनके साथ पैदल यात्रा कर रहे हैं।

परिक्रमा के दौरान प्रतिदिन सुबह दादागुरु के सान्निध्य में मां नर्मदा की महाआरती का आयोजन किया जाता है। सुबह आठ से साढ़े आठ बजे यात्रा प्रारंभ होती है। दोपहर लगभग एक बजे प्रथम पड़ाव होता है, जहां अनुयायी भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। इसके पश्चात दोपहर दो बजे यात्रा पुनः प्रारंभ होकर सूर्यास्त से पूर्व दूसरे पड़ाव तक पहुंचती है। रात्रि विश्राम के दौरान दादागुरु के प्रवचन होते हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में श्रद्धालु लेते हैं।

दादागुरु अपने प्रवचनों के माध्यम से नर्मदा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक कर रहे हैं। उनका कहना है कि नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि जीवनदायिनी देवी हैं और वृक्ष केवल पेड़ नहीं, बल्कि साक्षात देवतुल्य हैं, जिनके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। वे अपने अनुयायियों को नर्मदा तटों, जल स्त्रोतों और वृक्षों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं।दादागुरु का कहना है कि प्रकृति ही मानव की सबसे बड़ी शक्ति है। नदियों का जल और शुद्ध वायु ही वास्तविक आहार हैं। मां नर्मदा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से वे नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते चार वर्षों से केवल नर्मदा जल ही उनकी ऊर्जा का स्त्रोत बना हुआ है, जिसे वे मां नर्मदा का चमत्कार मानते हैं।शहपुरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने "नर्मदे हर" के जयघोष के साथ दादागुरु भैया जी सरकार का स्वागत किया और उनके दर्शन कर स्वयं को धन्य बताया।

# वन मंडल डिंडोरी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

## विद्यार्थियों ने जाना प्रकृति संरक्षण का महत्व




डिंडोरी।

वन मंडल डिंडोरी (सामान्य) अंतर्गत 28 जनवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वनमंडल अधिकारी अशोक कुमार सोलंकी के निर्देशन एवं उप वनमंडल अधिकारी शहपुरा सुनील कुमार अशोक के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र शहपुरा के शिविर स्थल कक्ष क्रमांक 136 अझवार (पुरान पानी) में संपन्न हुआ।

अनुभूति कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अझवार, बटोधा, चिचरिंगपुर, अमनीपिपरिया एवं सारंगपुर के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रकृति वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात अनुभूति मास्टर ट्रेनर शोभित राम बनवासी एवं अनुभूति प्रेरक अमृत सिंह मसराम द्वारा विद्यार्थियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं अनुभूति किट की जानकारी दी गई। साथ ही अनुभूति की थीम— "मैं भी बाघ", "हम हैं बदलाव" एवं "हम हैं धरती के दूत" से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।इसके बाद विद्यार्थियों को तीन समूहों में विभाजित कर प्रकृति पथ भ्रमण कराया गया, जिसमें घास, सूखे पत्ते, वृक्ष-पौधे, झाड़ियाँ, लघु वनौषधियां, जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र, मृदा, जड़ तंत्र, वन्य जीव, पक्षियों, कीट-पतंगों, सरीसृपों, दीमक की बामी, मधुमक्खी के छत्ते एवं बया पक्षी के घोंसले की जानकारी दी गई। वानिकी गतिविधियों एवं संरक्षण के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।दोपहर भोजन के उपरांत खेल-खेल में संरक्षण शिक्षण के अंतर्गत कबड्डी एवं रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही मिशन लाइफ, सतत जीवनशैली, संयुक्त वन प्रबंधन, वन धन उत्पादों, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, कपड़े के थैले का निर्माण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अनुभूति गीत "हम हैं धरती के दूत" के साथ किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग किया गया।कार्यक्रम में विधायक शाहपुरा ओम प्रकाश धुर्वे, वनमंडल अधिकारी अशोक कुमार सोलंकी, भाजपा महामंत्री बद्री साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजकिशोरी ठाकुर, जनपद सदस्य कीर्ति गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, वन अमला, समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


## ग्राम पंचायत स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ संपन्न



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा ग्राम पंचायत झरना घुघरी के ग्राम घुघरी में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान (ग्राम विकास पखवाड़ा) कार्यक्रम के तहत जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सेवकली धुर्वे की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि आकाश नामदेव भाजपा मंडल अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि गुलाब सिंह ठाकुर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और साहब लाल पुशाम की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता की तेल चित्र पर दीप प्रचलित कर किया गया। तदपश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प हार से किया गया। आयोजित कार्यक्रम को विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को बताते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान ग्राम उत्सव की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। वहीं पर ग्रामवासियों द्वारा देशी खेलकूद खेलों का प्रतियोगिता किया गया। जिसमें जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, पिट्टू, मटकी फोड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में स्थानीय संस्कृति करमा, शैला एवं रीना का आयोजन कर प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों विजेताओं को नवांकुर संस्था बाल विकास विद्या मंदिर अमरपुर एवं प्रस्फुटन समिति घुघरी द्वारा प्रशस्ति पत्र मेडल एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मोहन सिंह धुर्वे, पूर्व सरपंच छत्तर सिंह मरकाम, ग्राम कोटवार, मुकद्दम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, प्राथमिक शाला शिक्षक एवं डॉ. हीरालाल मरकाम नवांकुर संस्था से अरविंद कुमार यादव परामर्शदाता मनोज कुमार तंतुवाय, ग्राम विकास समिति से सुकृत लाल धुर्वे, रूप लाल, देवा सिंह, फगनी बाई धुर्वे, छात्र आशा मरकाम, पदमा, जयमति, मोहती एवं अन्य समिति के सदस्य एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आकाश नामदेव द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनका प्रचार प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु कहा गया। तथा गुलाब सिंह ठाकुर द्वारा नशा मुक्ति के विषयों को पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त समाज बनाने हेतु सबकी सहभागिता के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं पर अन्य अतिथियों मोहन सिंह धुर्वे एवं छत्तर मरकाम, हीरा लाल मरकाम द्वारा स्वच्छता, पौधारोपण, जल संरक्षण, जन सूचना केंद्र के संचालन हेतु कहा गया। मंच का संचालन डॉ. हीरा लाल मरकाम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा आभार व्यक्त कर अध्यक्ष की अनुमति से कार्यक्रम समाप्त की गई। कार्यक्रम समापन के पश्चात सहभोज का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया जोकि सराहनीय रहा।

## चन्द्रविजय महाविद्यालय में पीएम ऊषा योजना अंतर्गत सोलर पैनल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**डिंडौरी।** डिंडौरी स्थित चन्द्रविजय महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-ऊषा) योजना के कंपोनेंट-3 के अंतर्गत सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, मार्केटिंग एवं सेल्स प्रमोशन विषय पर आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.के. सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में पीएम-ऊषा योजना की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है, जिसे पीएम-ऊषा जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से पूरा कर रही हैं।सेटमैप (**SETMAP**) समन्वयक एस. के. शर्मा ने कार्यशाला की विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी दी। वहीं पीएम-ऊषा योजना के सह-समन्वयक डॉ. रवि सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के कौशल का विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने



सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, सेल्स एवं मार्केटिंग से संबंधित विषयों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की संभावनाओं को रेखांकित किया।कार्यक्रम में विधा प्रभारी प्राध्यापक निसार ठाकरे, प्राध्यापक ब्रजेश सिंह, प्रशिक्षक रम्मा गौतम, रामप्रसाद, क्षीरसागर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक ब्रजेश सिंह ने आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. संतोष धुर्वे ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




डिंडौरी।

महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में मंडला बस स्टैंड, डिंडोरी में नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मद्य निषेध संकल्प को सुदृढ़ करना तथा समाज को नशामुक्ति की दिशा में प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महिलाओं के समूहों के मध्य नशा मुक्ति विषयक प्रश्नोत्तरी, लघु नाट्य प्रस्तुति एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई रैली ने बस स्टैंड परिसर में उपस्थित नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया और नशा विमुक्त समाज का प्रभावशाली संदेश दिया।कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से कैंडल मार्च भी निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान महिलाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रभाव इतना व्यापक रहा कि बड़ी संख्या में लोग स्वतः ही इसमें शामिल होते चले गए, जिससे संपूर्ण वातावरण जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।इस जनजागरूकता कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग से श्याम सिंगौर सहित शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ सदस्य—शिवा पाल, देवराज कछवाहा, रितु सेन, बच्चूनाथ चौहान, अजय ठाकुर तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केशव पुरोहित हुए सम्मानित



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तेंदूखेड़ा तहसील में पदस्थ केशव पुरोहित को मतदाता कार्य और एस आई आर के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि केशव पुरोहित तेंदूखेड़ा तहसील में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ हैं। इसके पूर्व भी कई बार केशव को सम्मानित किया जा चुका है।

### शिविर के दौरान विविध



### कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर ग्राम खापा में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर के दौरान प्रातः प्रभात फेरी के पश्चात विभिन्न परियोजना कार्य संपन्न कराए गए। परियोजना कार्य के अंतर्गत विद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर कार्य कराया गया। शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के विषय में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्राम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नारे लगाए गए तथा रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित संदेश दिए गए। यह संपूर्ण शिविर कार्यक्रम अधिकारी एस.के. बक्शी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। शिविर में माध्यमिक शाला खापा शेड के शिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों को विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाया गया



### गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इसी कम में प्राचार्य द्वारा अभिनव पहल करते हुए श्रीमती किरण दुबे मेडम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का अध्यक्ष बनने का अवसर प्रदान किया जो मई 2026 में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रही है। श्रीमती दुबे को अपने सेवाकाल में कार्यक्रम की अध्यक्षता का प्रथम अवसर था। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुति दी गई।

### मंत्री श्री पटेल का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 30 जनवरी को नरसिंहपुर में नौरादेही अभ्यारण के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के विस्थापन के संबंध में बैठक लेंगे। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

### जनसुनवाई में समस्याओं का किया समाधान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने स्थानीय जनो की समस्याओं के निराकरण हेतु विधायक निवास पर की जनसुनवाई आयोजित की इस दौरान जिले भर से आए जन सामान्य लोगों ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 287 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिन पर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई में 287 आवेदनों पर पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने

## जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# स्टेडियम में स्वदेशी मेला को लेकर विरोध के स्वर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड जिले का गौरव का केन्द्र रहा है प्रशासन के बड़े - बड़े आयोजन उक्त ग्राउंड में आयोजित किए जाते है। लेकिन गुरूवार की सुबह से सोशल मीडिया मे स्टेडियम ग्राउंड को लेकर पोस्ट वायरल होना प्रारंभ हो गई। जो प्रशासन पर भी सवाल खड़े कर रही है। जिले का गौरव और खिलाड़ियों की उम्मीदों का केंद्र, मुख्य स्टेडियम ग्राउंड इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जो मैदान स्थानीय खिलाड़ियों के पसीने और कड़ी मेहनत का गवाह होना चाहिए, उसे अब व्यापारिक मेलों और प्रदर्शनियों का अड्डा बनाया जा रहा है। खेल प्रेमियों और जागरूक नागरिकों के बीच अब यह आक्रोश भरा सवाल गूंज रहा है कि आखिर खेल के इस मंदिर को व्यावसायिक आयोजनों के लिए अनुमति कौन और किस आधार पर दे रहा है। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड मे लगाए जाने वाले मेले को लेकर जागरूक नागरिकों व खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।



### खिलाडियों के लिए बढ़ता संकट

स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड जिले की प्रतिभा को निखारने का केन्द्र है। स्टेडियम ग्राउंड का निर्माण एथलेटिक्स, क्रिकेट और फुटबॉल जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। लेकिन लगातार हो रहे गैर-खेल आयोजनों ने इसकी सूरत बिगाड़ दी है। बड़े-बड़े टेंट लगाने के लिए मैदान के बीचों-बीच गड्ढे खोदे जा रहे हैं और भारी वाहनों की आवाजाही से समतल सतह पूरी तरह खराब हो चुकी है। सबसे बड़ी समस्या आयोजन के बाद छूटने वाला कचरा और लोहे की नुकीली कीलें हैं, जो खिलाड़ियों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। अभ्यास के लिए आने वाले युवाओं को मजबूरन हफ्तों तक मैदान से दूर रहना पड़ता है, जिससे उनकी खेल प्रतिभा और निरंतरता पर बुरा असर पड़ रहा है।

### नियमों की अनदेखी, उठ रहे सवाल

खेल मैदान को लेकर सरकार द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई हैं कि खेल मैदानों का उपयोग केवल खेल गतिविधियों या राष्ट्रीय महत्व के पर्वों जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी व नगर गौरव दिवस जैसे प्रशासनिक आयोजनों के लिए ही किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य आयोजनों को नही किया जाना है। इसके बावजूद यहां निजी कार्यक्रमों और व्यापारिक प्रदर्शनियों की भरमार है। जनता अब प्रशासन से जवाब मांग रही है कि क्या नगर पालिका या संबंधित खेल विभाग ने स्टेडियम को केवल राजस्व वसूली का जरिया मान लिया है। क्या इन आयोजनों की अनुमति देने से पहले खेल मैदान को होने वाले स्थाई नुकसान का कोई आकलन किया जाता है और क्या आयोजन के बाद इसे पुनः खेलने योग्य बनाने की कोई योजना प्रशासन के पास होती है।

### जनआक्रोश के साथ सौंपा ज्ञापन

इस स्टेडियम का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। उक्त स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच भी खेला गया था, जो जिले की खेल विरासत का एक बड़ा हिस्सा है। आज इसी ऐतिहासिक स्थल पर स्वदेशी मेले के नाम पर खुदाई की जा रही है। स्थानीय कोचों और सीनियर खिलाड़ियों का कहना है कि जिले में पहले से ही खेल सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में एकमात्र उपलब्ध मैदान को भी छीन लेना खिलाड़ियों के साथ अन्याय है। मेले को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और मॉर्निंग-ईवनिंग वॉक संगठन ने एकजुट होकर कलेक्टर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि शहर के एकमात्र व्यवस्थित मैदान को बचाया जाए। नागरिकों का कहना है कि वे किसी भी मेले या प्रदर्शनी के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसके लिए स्थान का चयन ऐसा होना चाहिए जिससे खेल और खिलाड़ियों का नुकसान न हो। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया है कि स्टेडियम की गरिमा और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित मेले को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए जाएं। ज्ञापन में अजय दुबे, दलपत सिंह पटेल, हॉकी कोच लक्ष्मी कहार, पटेल रोहित पटेल, शिवम पाठक, एड. संजय राजपूत, अभिषेक राय, पंकज गुप्ता, हॉकी खिलाड़ी नीलेश गोहर आदि मौजूद रहे।



### गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गणतंत्र दिवस पर ज्ञान गंगा विद्यापीठ हाईस्कूल में ध्वजारोहण संस्था के अध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर द्वारा किया गया। इसके पूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर देशभक्ति और जनसेवा की अलख जगाने वाली विभूतियों में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि सांड नरसिंहपुरी, अशोक त्रिपाठी, समाजसेवी किशन गुप्ता, सुनील कोठारी व नंदकिशोर ठाकुर का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात छात्र - छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। संस्था अध्यक्ष द्वारा छात्र छात्राओं को पढ़ाई में हमेशा अग्रसर हो ज्ञान की बाते बताकर यह घोषणा की, जो छात्र कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। उसे पारितोषिक किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संजय तिवारी, आशीष नेमा द्वारा किया गया। इसके मौके पर लोचन सिंह पटेल, रामकुमार पटेल, सत्येन्द्र पटेल, गोविन्द ठाकुर बलराम पटेल, अनुज गुमास्ता, शिवकुमार यादव, ज्योति, अनीता, सविता वैशाली, अंजली रानूप्रिया, कंचन शर्मा, रूपाली, किरण, त्रिवेणी, प्रधानाचार्य सोनी, संस्था उपाध्यक्ष संदीप सोनी शैलेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने किया एम.आई.एम.टी.कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कैरियर काउंसलिंग, सूचना-संचार प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी ज्ञान से स्कूली विद्यार्थियों को अवगत कराने तथा उन्हें कॉलेज चलो अभियान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय उ.मा. विद्यालय बम्होरी कला तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के दल ने एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 09 वीं एवं 11 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग कैंप में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम को छात्र उपयोगी बताते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं राष्ट्रीय शिक्षा



नीति 2020 का विस्तार से वर्णन किया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती उषा सिंह ने एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण की दिशा में दिए जाने वाले प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान की प्रशंसा की। सहा. प्राध्यापक आलोक शर्मा द्वारा डिजीटल मार्केटिंग, ए.आई., ई-कॉमर्स, जावा स्क्रिप्ट, चैट जी.पी.टी., गेम डेवलपर, यूट्यूबर्स, सॉफ्टवेयर एडिटर तथा कैरियर गाइडेंस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा विभागाध्यक्ष कला एवं समाज कार्य एवं आभार डॉ. दीपिका शर्मा विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को संस्था भ्रमण के दौरान पुस्तकालय, बॉटनी, जूलॉजी, रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र एवं कम्प्यूटर साइंस प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक उपकरणों की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर विभागाध्यक्ष श्रीमती अनीता रघुवंशी, सहायक प्राध्यापक हेमराज सेन तथा श्रीमती प्रियंका पाठक एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय बम्होरी कला से दुर्गेश प्रधान, श्रीमती प्रियंका भोंसले, निशांत श्रीवास्तव, अंश शर्मा, तथा श्रीमती राधिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रहीं।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक संपन्न



**गोटेगांव** विगतदिवस नगर स्थित श्रीधाम मैरिज हॉल रिप्पटा परिसर में नरसिंहपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल के नेत्तृत्व में मंडलम, ब्लॉक और सेक्टर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड समितियां की संगठनात्मक चर्चा आयोजित की गई। जिसमें ग्राम समिति गठन और सेक्टर गठन की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल सुरेंद्र पटेल (मंझले भईया), ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर द्वारकासिंह राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश बिलवार नरेश बिलवार,अरविंद तिवारी मीनू राजपूत समीर सिद्दीकी, आरती पटेल, श्रीमती पार्वती लोचन सिलावट, बाबा पटेल बरोदा) दीपक जैन,संदीप साहू, अरविंद पटेलनोनी करेली सजल सोनी, नरसिंह महाराज, गोलू कुर्मी, गंगाराम महोबिया, शरीफ खान, बड्डू ठाकुर, अवधेश आर्य,नजीर खान, धनपत पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में बाल लीला, गोवर्धन पूजा का वर्णन



**गोटेगांव -** विगत दिवस रेलवे पुल के आगे सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण चल रही भागवत कथा में भक्ति का माहौल बना रहा। कथावाचक राम कृष्ण शास्त्री ने बताया बाल लीला, गोवर्धन पूजा, और भागवत कथा आपस में जुड़े हैं, जहाँ भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं (जैसे पूतना वध) और फिर गोवर्धन लीला (इंद्र के अहंकार को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाना) का वर्णन होता है, जिसके बाद गोवर्धन पूजा होती है, जो भक्तों को भगवान की भक्ति और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देती है। यह कथाएं भागवत पुराण और अन्य ग्रंथों में मिलती हैं और कृष्ण की लीलाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो उनके भक्तों को आनंद और प्रेरणा देती हैं।

### बाल लीला और भागवत कथा का संबंध

श्रीमद्भागवत महापुराण में कृष्ण के जन्म, बचपन और उनकी अनेक मनमोहक लीलाओं का विस्तृत वर्णन है, जिसमें पूतना वध, कालिया नाग दमन, माखन चोरी और रासलीला जैसी बाल लीलाएँ शामिल हैं।कथावाचक इन लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्तों को कृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति जगाते हैं।

### गोवर्धन लीला और गोवर्धन पूजा

इंद्र का अभिमानः इंद्र देव ने क्रोधित होकर ब्रज पर मूसलाधार बारिश करवाई, क्योंकि ब्रजवासी अब उनकी पूजा छोड़कर गोवर्धन और गायों की पूजा करने लगे थे। कृष्ण की लीलाः इस संकट से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर पूरे गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और सात दिनों तक ब्रजवासियों को इंद्र की वर्षा से बचाया।

## अनुभूति कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्रों ने किया शासकीय वन क्षेत्र का भ्रमण



### वन्य प्राणी और वन संरक्षण की दी गई जानकारी

**तेंदूखेड़ा** शासन द्वारा सभी शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को वनों से एवं वन्य प्राणियों से संबंधित जुड़ी जानकारियों को अवगत कराने की मंशा से अनुभूति कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसके तहत विगत दिनों शासकीय विद्यालय डोभी इमझिरा के छात्रों को वन परिक्षेत्र बरमान के अंतर्गत आने वाली वन क्षेत्र जामुनपानी का वन भ्रमण कराया गया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को वन वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना था जिसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की वन्य प्राणियों वनस्पतियों तथा पेड़ों की उपयोगिता उनसे होने वाले लाभ लाभ और इनसे हस्तक्षेप कटाई छेड़छाड़ से संभावित हानियां मिलने वाले रोजगारों के बारे में प्रत्यक्ष रुप से जानकारियां उपलब्ध कराई गई। उपस्थित वन अधिकारियों ने छात्रों को वन में पाए जाने वाले वृक्षों उनके फलों औषधि गुण एवं पर्यावरण महत्व के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं मनुष्य की संपूर्ण जीवन काल में जल-जंगल और जमीन का सर्वाधिक महत्व वनों का संरक्षण क्यों जरूरी है पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।वन भ्रमण के उपरांत वन अधिकारियों के द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता दोनों स्कूलों के मध्य आयोजित की गई। जिसमें हाई सेकेंडरी स्कूल डोभी के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया।सभी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर छात्र छात्राएं स्कूलों के शिक्षक वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि गण प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय के छात्रों को कराया पुरातत्व संग्रहालयों का शैक्षणिक भ्रमण

**तेंदूखेड़ा** उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुसार विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा छात्र छात्राओं को प्रदेश के पुरातत्व संग्रहालयों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ. आर.के. झा द्वारा छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए महाविद्यालय से रवाना किया। छात्रों को राज्य संग्रहालय भोपाल पहुंचकर मूर्ति कला सिक्कों का इतिहास मानव उद्विकास काष्ठ जीवाश्म ताम्रपत्र अस्त्र-शस्त्र एवं दिक्मंडल आठ दिशाएं 27 नक्षत्र सप्त ऋषि एवं नवग्रह में ब्रह्मांड की कल्पना के बारे में वहां के विशेषज्ञ बी.के. लोखंडे के द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात इसके बाद छात्र जनजातीय संग्रहालय पहुंचे जहां पर मध्य प्रदेश के समस्त जनजातियों के आवास गृह उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले घरेलू कृषि उपकरण रहन-सहन एवं धार्मिक जीवन को दिखाया गया है। जिसको छात्र एवं छात्राओं ने बहुत ही गंभीरता से समझा एवं अवलोकन किया।



तत्पश्चात ग्रुप भीमबेटका पहुंचा एवं वहां पर आदिमानवों द्वारा निर्मित शैल चित्रों एवं शैलाश्रयों का अवलोकन किया जिसमें छात्र-छात्राओं को यह जानकारी प्राप्त हुई कि यह शैलाश्रय प्रागैतिहासिक काल के हैं जिसमें विभिन्न गुफाओं में लगभग 400 चित्र बने हुए हैं इन चित्रों में शिकार नृत्य जानवरों और मानव आकृतियों को प्राकृतिक रंगों से दर्शाया गया है भीमबेटका भ्रमण के दौरान इतिहास विषय की सहायक प्राध्यापक सुश्री राधाबाई गौड़ के द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि इस पुरातत्व स्थल की खोज विष्णु श्रीधर वाकणकर के द्वारा की गई है इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय की कार्यक्रम प्रभारी सुश्री राधा बाई गौड़ शैक्षणिक स्टाफ डॉ प्रशांत कुमार डॉ दीपेश ठाकुर डॉ मनीषा वर्मा के साथ सहयोगी श्री दीपक प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।